RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 06 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 224 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई, इसलिए सरकारी कार्यक्रम फर्जी दिख रहा...

# एकनाथ शिंदे का उद्धव को जवाब

### गोपीनाथ मुंडे के स्मारक पर भी गए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सरकार के कार्यक्रम शासन आपके द्वार की आलोचना को उद्धव ठाकरे पर पलटवार किया है। बीड़ में महाराष्ट्र शासन के कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस कार्यक्रम को फर्जी बताने वाले ढाई साल तक घर में बैठे रहे। शिंदे ने कहा कि हम अपनी योजनाओं को सख्ती से लागू करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। वे नहीं जानते कि क्या करना है। शिंदे ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने से उनके पेट में दर्द हो रहा है। महाराष्ट्र सरकार के कार्यक्रम की आलोचना करते हुए उद्धव ठाकरे ने इस फर्जी करार दिया था।



**'वे क्या समझेंगे किसानों का दर्द...'**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बीड़ में उद्धव ठाकरे की आलोचना पर चुप्पी तोड़ी और फिर पलटवार किया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ धनजंय मुंडे भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे पर जवाबी हमला बोला। इस आलोचना पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जवाब दिया और कहा जो लोग ढाई साल तक घर बैठे रहे उन्हें क्या पता सरकार आपके द्वार का मतलब। वे किसानों का दर्द क्या जानेंगे? जिन्होंने ढाई साल तक सदन में बैठकर फजीर्वाड़ा किया।

**महाराष्ट्र के लोगों का अपमान**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हमला बोलते हुए कहा कि कार्यक्रम को फर्जी बताना कार्यक्रम में आए लोगों का अपमान है। यह एक सामान्य कार्यक्रम है। यह आम लोगों को न्याय देने वाली सरकार है। यह सरकार हमारी है. हम अपनी योजनाओं को सख्ती से लागू करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। वे नहीं जानते कि क्या करना है. शिंदे ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने से उनके पेट में दर्द हो रहा है।

## अजित पवार की पत्नी बारामती से लड़ेंगी लोकसभा का चुनाव,

### मुंबई में सामने आया बड़ा पोस्टर




**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित गुट की तरफ मुंबई में लगे एक पोस्टर से राज्य की राजनीति गरमा गई है। इस पोस्टर में राज्य में उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती का भावी सांसद करार दिया गया है। ऐसे में जब संसद का संत्र चल रहा है तब मुंबई में मंत्रालय बिल्डिंग के बाहर यह बड़ा पोस्ट सामने आया है।

इस पोस्टर से एक बार फिर राज्य में चर्चा छिड़ गई है कि क्या बारामती में 2024 में लोकसभा चुनावों में ननद और भौजाई के बीच मुकाबला होगा। यह सीट पवार परिवार की सबसे मजबूत गढ़ मानी जाती है। पिछले तीन चुनावों से यहां सुप्रिया सुले जीत हासिल कर रही हैं। मुंबई में अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सुनेत्रा पवार को भावी सांसद बताया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही हैं कि राजनीतिक तौर पर शरद पवार से अलग हुए अजित पवार क्या अब बारामती में उनकी मुश्किल बढ़ाएंगे।

- **शरद पवार की परंपरागत सीट से अभी बेटी सुप्रिया सुले हैं सांसद**
- **सुनेत्रा पवार अभी बारामती के सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती हैं**
- **2009 से तीन चुनावों में जीत हासिल कर चुकी हैं सुप्रिया सुले**
- **2019 में सुले ने डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की थी**


## मीरा भयंदर शहर में 183 अनधिकृत निर्माण, प्रशासन द्वारा पहली बार सूची




**भायंदरः** मीरा भायंदर नगर निगम सीमा में कुल 183 निर्माण अनधिकृत हैं। यह जानकारी प्रशासन द्वारा वार्डवार कराए गए सर्वे से सामने आई है। इसलिए नगर निगम ने पहली बार ऐसे निमार्णों की सूची वेबसाइट पर जारी कर नागरिकों से इसे लेकर सावधान रहने की अपील की है. मीरा भयंदर एक तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। इसलिए मकान, दुकान और जमीन की कीमतें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। इसके अलावा बढ़ती जनसंख्या के कारण शहर की सुविधाएं भी बढ़ने लगी हैं। इसका फायदा उठाकर कुछ डेवलपर्स और भू-माफिया शहर में अनाधिकृत निर्माण करा रहे हैं। ऐसे निर्माण से शहर के विकास में बाधा आ रही है और गरीब नागरिकों को आर्थिक चूना भी लग रहा है.

## डोंबिवली पूर्व क्षेत्र फेरीवाला मुक्त, चिमनी गली, फड़के रोड, रोथ रोड, नेहरू रोड

**डोंबिवली,** डोंबिवली के लोग संतोष व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि डोंबिवली में चिमनी गली, फड़के रोड, रोथ रोड और नेहरू रोड पर कोई फेरीवाले नहीं देखे गए हैं, जहां हमेशा फेरीवालों की भीड़ रहती है। सोमवार को काम पर निकलने वाले डोंबिवली के लोगों के लिए यह एक सुखद झटका था क्योंकि डोबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन के आसपास की सभी सड़कें फेरीवालों से मुक्त लग रही थीं। मनपा की नई आयुक्त इंदुमती जाखड़ के आदेश से वार्ड अधिकारी अचानक काम में जुट गए हैं और डोंबिवली पूर्व क्षेत्र खुलकर सांस ले रहा है।



डोंबिवली पूर्व वार्ड में फेरीवालों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई पिछले एक साल से जारी है। फुटपाथ, सड़क अवरुद्ध करने वाले ठेला चालकों, फेरीवालों के खिलाफ जुमार्ना, सामान जब्ती और आपराधिक कार्रवाई की जा रही है। फेरीवालों को हटाने वाली टीम के प्रमुख राजेंद्र सालुंखे, विलास साल्वी, सुनील सुर्वे तीन शिफ्टों में काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सी वार्ड सीमा के भीतर रेलवे स्टेशन क्षेत्र फेरीवालों से मुक्त रहे। हालाँकि, यह क्षेत्र फेरीवालों से मुक्त नहीं है। इसी तरह की कार्रवाई पिछले कुछ दिनों से एफ वार्ड द्वारा फड़के रोड, नेहरू रोड, चिमनी गली, बाजी प्रभु चौक जैसी व्यस्त सड़कों पर शुरू की गई है. यह कार्रवाई एफ वार्ड के सहायक आयुक्त चंद्रकांत जगताप के मार्गदर्शन पर की जा रही है. चिमनी गली, फड़के रोड, बाजी प्रभु चौक, जहां सुबह से देर रात तक हमेशा भीड़ रहती है, वहां एक भी रेहड़ी-पटरी वाला नजर नहीं आ रहा है, इसलिए सड़कें चौड़ी होने से नागरिक संतुष्टि व्यक्त कर रहे हैं। नागरिक मांग कर रहे हैं कि सी और एफ वार्ड डोंबिवली पश्चिम की तरह पूर्वी हिस्से में फेरीवालों को मुक्त कराने के लिए हर दिन इसी तरह की कार्रवाई करें।





## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### विधेयकों पर बहस हो

आम तौर पर संसद का शीतकालीन सत्र इतने गर्म राजनीतिक माहौल में शुरू नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोमवार को संसद भवन पहुंचने के बाद हलके-फुलके अंदाज में इस ओर संकेत किया, लेकिन अगर किसी को भी इस सत्र के शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने का भ्रम रहा होगा तो वह पहले ही दिन दूर हो गया होगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान यह साफ कर दिया कि सत्र के दौरान अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जाने वाली पोजिशनिंग ही निर्णायक साबित होगी। पीएम मोदी ने कहा कि बेहतर होगा विपक्ष चुनाव नतीजों का गुस्सा सदन में निकालने की कोशिश न करे। जाहिर है, सत्ता पक्ष यह मानकर चल रहा है कि विपक्ष का रुख आक्रामक होगा। इसके कई और संकेत पहले से मिल रहे हैं। जिन मसलों पर पहले से सत्ता पक्ष और विपक्ष में तलवारें खिंची हुई हैं, उनमें एक प्रमुख मुद्दा है तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़ा कैश फॉर क्वेश्चन संबंधी आरोपों का। इस मामले में एथिक्स कमिटी की रिपोर्ट संसद में पेश की जानी है, लेकिन वह पहले ही लीक हो चुकी है। इसमें कथित तौर पर की गई महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित करने की सिफारिश पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी स्पीकर को पत्र लिख चुके हैं कि ऐसा कदम उठाना सही नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस एथिक्स कमिटी की रिपोर्ट पर संसद में विस्तृत चर्चा की मांग कर रही है। करीब 18 दिन (4 से 22 दिसंबर तक) चलने वाले इस सत्र के दौरान सबकी नजरें विपक्षी दलों की आक्रामकता पर ही नहीं उनके आपसी तालमेल पर भी रहेगी।

यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले हुए विधानसभा चुनावों में मिले प्रतिकूल नतीजों का कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के जोश पर कितना और कैसा प्रभाव पड़ा है। क्या इंडिया गठबंधन को कायम रखने और उसे आगे बढ़ाने को लेकर उनका संकल्प पहले जितना ही मजबूत है या उसमें किसी तरह की कमजोरी आई है? हालांकि इन बातों पर ज्यादा रोशनी इंडिया गठबंधन के घटक दलों की चौथी बैठक में पड़ेगी, जो 6 दिसंबर को दिल्ली में ही होनी है लेकिन सदन के अंदर विपक्षी दलों के आपसी सामंजस्य और तालमेल में भी उसकी स्पष्ट झलक मिलेगी। जहां तक इस सत्र में पेश होने वाले बिलों की बात है तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल ही नहीं इंडियन पीनल कोड, इंडियन एविडेंस एक्ट और क्रिमिनल प्रसीजर कोड (CrPC) की जगह लाए जाने वाले बिलों समेत करीब 21 विधेयक इस सत्र में पेश किए जाने हैं। बेहतर होगा आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे-वॉकआउट, बहिष्कार वगैरह के बीच भी सत्ता पक्ष और विपक्ष इस बात की गुंजाइश बनाएं कि तमाम महत्वपूर्ण बिलों के अलग-अलग पहलुओं पर विस्तृत बातचीत और बहस जरूर हो ताकि संसद के मंच पर विपक्ष की असहमति ही नहीं, उसके विचार भी दर्ज हों।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# वैदिक थीम पार्क का भूमिपूजन फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी वा उत्तर मुंबई भाजपा सांसद गोपाल शेट्टी की मौजूदगी मे संपन्न

## भूमि भूमाफियाओ के कब्जे से जमीन मुक्त करवाकर वैदिक थीम पार्क की रखी नीव...

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** देश के विभिन्न राज्यों मे हुए विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस मुक्त भारत हुए है, ठीक उसी तर्ज पर आज मलाड की सरकारी रिक्त पड़े साढ़े छः एकड़ भूमि पर अवैध रूप से भूमाफिया कब्जा कर भंगार के बड़े बड़े गाले खड़े कर दिए थे! जिसको लेकर उत्तर मुंबई भाजपा सांसद गोपाल शेट्टी ने भूखंड भूमाफियाओ के अनधिकृत कब्जे से ना सिर्फ मुक्त करवाया बल्की सरकारी जमीन को मुंबई मनपा को सुपुर्द कर वैदिक थीम पार्क की शक्ल मे भूमिपूजन फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी मौजूदगी मे संपन्न करवाया !



कहा जाता हैं कि सांसद गोपाल शेट्टी ने अपने कार्यकाल में सदैव नागरिकों के हित में ऐसे अवैध रूप से चल रहे कारोबार को जड़ से उखाड़ फेंक वाकर बड़े बड़े उद्यान,व्यामशाला जैसे प्रकल्प निर्माण कर सरकार को सुपुर्द कर जनहित के लिए लोकार्पण किए हैं। दूसरी ओर मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद गोपाल शेट्टी ने कहा की इस भूखंड के साथ और ऐसे २० भूखंड की यदि मैने महापालिका को दी है। जिस पर नागरिकों के लिए मैं प्रकल्प निर्माण कार्य करने की मंशा रखता हूं। वहीं भूमिपूजन कार्यक्रम मे फिल्म अभिनेत्री , भाजपा नेता सांसद हेमा मालिनी , समाजसेविका अमृता फडणवीस , मुंबई भाजपा अध्यक्ष एड. आशीष शेलार के कर कमलों से वैदिक थीम पार्क का भूमिपूजन हुआ है।

**वैदिक थीम पार्क की विशेषता क्या है –**

पर्यावरण की दृष्टि से अति आवश्यक और उपयोगी ऐसे मियावाकी जंगल का निर्माण इस थीम पार्क में होगा। इस अवसर पर सांसद हेमा मालिनी ने सांसद गोपाल शेट्टी के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और मुंबई के लिए ऐसे ऑक्सीजन देने वाले उद्यान निर्माण के लिए धन्यवाद किए।

**किनकी रही भूमिपूजन समराहो मे उपस्थिति**

कार्यक्रम में सांसद गोपाल शेट्टी,सांसद हेमा मालिनीजी, वि. एड.आशीष शेलार, वि.योगेश सागर, भाजपा मुंबई सचिव डॉ.योगेश दुबे,युनुस खान, विनोद शेलार, उत्तर मुंबई अध्यक्ष गणेश खनकर, मुंबई महानगर पालिका के अधिकारी गण, माजी नगरसेवक गण, भाजपा के पदाधिकारी, अनेक समाज सेवी संस्था के प्रतिनिधि और हजारों नागरिक उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र मे पिछले एक वर्षो मे विकास हुआ है...

## उद्धव सरकार ने अपने ढाई वर्षो मे फेस बुक के सहारे सरकार चलाई...

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** महाराष्ट्रा मे भी जहाँ पिछले एक वर्षा मे बड़े पैमाने पर विकास हुआ है , जनहित मे लोको योगी कार्य जमीन पर उतारे गये है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्य काल मे देश मे जिस तरीके से महाशक्ति संपन्न राष्ट्रो की कातार मे ला खड़ा किया है,वो कबीले तारीफ है । वहीं इसके सीधा उल्टा महाराष्टर मे पिछले ढाई वर्षो उद्धव ठाकरे अपनी सरकार मे मुख्यमंत्री रहते हुए घर से बैठकर फेस बुक के सहारे सरकार चलाकर, महाराष्ट्रा की वाट लगाई है ।

जिसके चलते जनता ने महाविकास आघाडी को नाकर दिया है । उल्लेखनीय तौर पर कोटक ने कांग्रेस के पूर्व अधक्ष्य राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए



कहा की जहाँ जहाँ राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा हुई उन जगहों पर कांग्रेस पार्टी का पत्ता साफ हो गया है । इतना ही नहीं सांसद मनोज कोटक ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश मे लोको योगी काम करने के साथ गरीब व मध्यम वर्गो के लिय विविध योजना लाई ।

'बलशाली व विकसित भारत'के तौर पर परिवर्तीत करने का संदेश मोदी के जरिये संपूर्ण जग मे फैल गया है । भाजपा सांसद मनोज कोटक ने विजय उत्साह कार्यक्रम मे पार्टी कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की देश मे सिर्फ एक गॅरंटी चलती है , वो मतलब म्हणजे मोदी गॅरंटी , ऐसा बोलते हुए 2024 मे एकबार फिर से नरेंद्र मोदी प्रचंड बहुमत मे आकर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसा विश्वास व्यक्त करते हुए ईशान्य मुंबई भाजपा सांसद मनोज कोटक ने व्यक्त किया । गौरतलब हो की मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगड विधानसभा चुनावों मे मिली भाजपा की जीत को लेकर कोटक ने कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर विजयोत्सव मनाया ।

## पनवेल में वाहन के नीचे आने से बाइक सवार की मौत हो गई...

**पनवेल:** दोपहर करीब 12 बजे एक वाहन की चपेट में आने से दोपहिया वाहन पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में मरने वाले युवक का नाम रूपेश रवि शर्मा (उम्र 39 वर्ष) है। हादसा पनवेल-मुंब्रा रोड पर पेंडार फाटा पर हुआ। रूपेश शर्मा तलोजा फेज-1, सेक्टर-5 स्थित नीलजीत एकदंता बिल्डिंग में रहते थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी बाइक से पनवेल से तलोजा की ओर जा रहे थे। जब उनकी बाइक पेंढर फाटा पहुंची तो पीछे से एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में रूपेश के गिरने के बाद गाड़ी का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही तलोजा पुलिस मौके पर पहुंची और रूपेश के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भेज दिया.

# नाबालिग लड़कियों से रेप का वीडियो वायरल, फरार आरोपी को सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**वसई :** केंद्रीय अपराध शाखा ने फेसबुक पर नाबालिग लड़कियों से मुलाकात के बाद उनसे दुष्कर्म करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पिछले एक माह से वह पुलिस को गच्चा दे रहा था. नालासोपारा में 17 साल की नाबालिग रहरनया की मुलाकात फेसबुक पर आदित्य भगत से हुई। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद लड़की



ने इनकार कर दिया और उसकी अश्लील तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर उसे बदनाम कर दिया.. इस वजह से लड़की ने आत्महत्या करने की भी कोशिश की. इस मामले में अचोले पुलिस स्टेशन में धारा 376, 376 (2) (एन), 509, 506, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) की धारा 4, 6, 8, 12, 14 और धारा 67 ( आरोपियों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (ए) के तहत अपराध दर्ज किया गया है लेकिन आरोपी फरार था.



# महाराष्ट्र में कांग्रेस की लहर - नाना पटोले



**मुंबई :** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र से सटे हुए जिलों में कांग्रेस के उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत हासिल की है। उस सीमावर्ती इलाकों में भाजपा को जनता ने नापसंद किया है और कांग्रेस को पसंद किया है। इससे पता चलता है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस की लहर है। इसका असर अगले चुनाव में देखने को मिलेगा। इस तरह का दावा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले नागपुर में बोल रहे थे। चार राज्यों के चुनावी नतीजों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम जनाधार को स्वीकार करते हैं। ऐसे में चुनाव में हार के कारणों का अध्ययन कर हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन महाराष्ट्र से सटे जिलों के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो जनता ने कांग्रेस को प्राथमिकता दी है। इसका निश्चित असर महाराष्ट्र चुनाव में देखने को मिलेगा। भाजपा ज्यादा दिनों तक सत्ता में नहीं रह पाएगी। पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा नेताओं को जीत का जश्न मनाना चाहिए या नहीं, यह उनका मुद्दा है।

### मची है लूट, रामभरोसे लोग

पटोले ने कहा कि राज्य में महानगरपालिका चुनाव कराए बिना सत्ताधारी प्रशासक के माध्यम से जनता को लूट रहे हैं। इस सरकार ने लोगों को रामभरोसे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र में डेंगू से अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही में कल्याण में एक महिला की बच्चे को जन्म देने के बाद डेंगू से मौत हो गई। अगर ऐसी मौत से सत्ताधारियों को शर्म नहीं आती और पड़ोसी राज्य में जीत पर खुशी होती है तो आगे टिप्पणी करना अनुचित होगा।

# अंधेरी, बांद्रा, घाटकोपर, भांडुप, कुर्ला में जलापूर्ति बाधित...



**मुंबई :** अंधेरी-पूर्व में वेरावली जल केंद्र को पानी की आपूर्ति करनेवाली पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से मनपा के पांच से छह वॉर्डों में जल आपूर्ति बाधित हुई। हालांकि, इस पाइपलाइन की मरम्मत लगभग ५० घंटे के बाद पूरी होने का दावा मनपा ने किया है। मनपा ने बताया कि जलाशय को भरने में शाम तक का समय लगेगा। इसलिए पानी की आपूर्ति उसके बाद ही शुरू की जा सकेगी। इस कार्य से पश्चिमी उपनगर के अंधेरी, बांद्रा-पश्चिम, जोगेश्वरी, विलेपार्ले के साथ-साथ पूर्वी उपनगर घाटकोपर, कुर्ला की जलापूर्ति बाधित रही। इसके चलते मनपा ने दिन में ११८ स्थानों पर टैंकरों से पानी की आपूर्ति की। अंधेरी में वेरावली जल केंद्र के १,८०० मिमी व्यास वाली मुख्य पाइपलाइन को ३० नवंबर को मेट्रो-६ का काम करते समय सीप्ज गेट नं. ३ और इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास बड़ा झटका लगा था। इस कारण पाइपलाइन से तेजी से पानी का रिसाव शुरू हो गया था। इससे वेरावली और घाटकोपर जल केंद्रों का जल भंडारण प्रभावित हुआ। मनपा ने रिसाव मरम्मत का कार्य दो दिसंबर से युद्धस्तर पर शुरू किया। करीब ५० घंटे बाद यह काम पूरा हुआ, लेकिन पानी की आपूर्ति सुचारु नहीं होने से मुंबई के विभिन्न हिस्सों में निवासियों को टैंकरों द्वारा जलापूर्ति की गई। इस दौरान लोगों को परेशानी उठाते हुए पानी भरने के लिए कतार में लगना पड़ा। मेट्रो की गैर-जिम्मेदारी के कारण पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। इस कारण मुंबई के विभिन्न हिस्सों में जल संकट पैदा हो गया। इसके अलावा जल रिसाव के कारण लाखों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो गया। ऐसे में मनपा पानी की बबार्दी और मरम्मत लागत का कम से कम पांच गुना जुमार्ना मेट्रो से वसूलेगी। इस बीच जल विभाग ने कहा कि पानी की बबार्दी और मरम्मत की लागत की समीक्षा के बाद जुमार्ने की राशि तय की जाएगी। जिस जगह रिसाव शुरू था वह पाइपलाइन जमीन में करीब छह मीटर अंदर थी। इसके अलावा इस क्षेत्र में हाल ही में हुए निर्माण के बाद भूमि भराव पूर्ववत होने से भूगर्भीय पकड़ अपेक्षाकृत ढीली थी। इसलिए यह मिट्टी भी रिसते गड्ढे में समा रही थी। पाइपलाइन से पानी को पूरी तरह से निकालना अनिवार्य था। इसलिए मुख्य पाइपलाइन पूरी तरह से खाली करने के लिए सारा पानी बाहर निकालना और मरम्मत के लिए खोदे गए क्षेत्रों में भूस्खलन को रोकना भी एक चुनौती बन गया। इसमें पानी की पाइपलाइन को पूरी तरह से खाली करके मरम्मत का काम किया गया। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए मरम्मत कार्य पूरा किया गया।

# खराब मौसम से प्रभावित 347 का पंचनामा



**वसई:** पिछले सप्ताह बेमौसम बारिश के कारण किसान और अन्य लोग व्यवसायियों को भारी नुकसान हुआ। पंचनामा का कार्य चल रहा है और अब तक 347 क्षति पीड़ितों का पंचनामा किया जा चुका है। वसई विरार में पिछले दिनों बेमौसम बारिश हुई थी। इसके कारण किसानों की कटी हुई और कटाई के लिए तैयार धान की फसल को नुकसान हुआ, जबकि सब्जियों और फलों के बगीचे भी बारिश से प्रभावित हुए। दूसरी ओर, तट के अनल, किलाबंदर, पाचुबंदर इलाकों में सूखने के लिए रखी गई मछलियां भीगने से मछुआरों को नुकसान हुआ। वसई तहसील विभाग ने मानसून के कारण हुए नुकसान का पंचनामा का काम शुरू कर दिया है. तलाठी, सर्कल अधिकारी और अन्य राजस्व कर्मचारी घटनास्थल पर जाकर पंचनामा कर रहे हैं. अब तक 347 क्षति पीड़ितों का पंचनामा पूरा किया जा चुका है। वसई के तहसीलदार ने बताया कि 450 मछुआरों की मछलियां खत्म हो गई हैं.

# बच्चों को पर्याप्त नींद दिलाने के लिए स्कूल का समय बदलें: महाराष्ट्र राज्यपाल

**मुंबई :** छात्रों की पर्याप्त नींद को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने एक साहसिक कदम उठाते हुए शिक्षा अधिकारियों से स्कूलों का समय बदलने पर विचार करने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि हाल के दिनों में हर किसी की नींद का तरीका बदल गया है, खासकर बच्चे, जो आधी रात के बाद ही सोते हैं, लेकिन उन्हें स्कूल जाने के लिए जल्दी उठना पड़ता है, जिससे उनकी नींद का न्यूनतम कोटा खत्म हो जाता है। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने स्कूलों और शिक्षा अधिकारियों से इस पहलू पर ध्यान देने के अलावा 'पुस्तक-रहित' स्कूलों, 'ई-कक्षाओं'को बढ़ावा देने और छात्र समुदाय पर शिक्षा के बोझ को कम करने के लिए उनकी गुणवत्ता के अनुसार स्कूलों की रैंकिंग करने का आह्वान किया।

राज्यपाल राजभवन में स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न पहलों के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्री दीपक केसरकर, मंगल प्रभात लोढ़ा और गिरीश महाजन के अलावा प्रमुख सचिव शिक्षा रणजीत सिंह देयोल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बोल रहे थे। बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित नए स्कूल भवनों का उद्घाटन करते हुए



राज्यपाल और सीएम ने संयुक्त रूप से 'माई स्कूल, ब्यूटीफुल स्कूल', 'स्टोरी-टेलिंग सैटरडे', 'एंजॉयेबल रीडिंग', 'एडॉप्ट स्कूल एक्टिविटी', 'माई स्कूल, माई बैकयार्ड'और 'क्लीननेस मॉनिटर'जैसी पहल की शुरूआत की।

राज्यपाल ने इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि राज्य में सैकड़ों सार्वजनिक पुस्तकालय हैं, लेकिन अधिकांश पुराने हैं, इसलिए उन सभी को पुनर्जीवित करने और परिसर में कंप्यूटर और इंटरनेट प्रदान करके 'लाइब्रेरी एडॉप्शन'शुरू करने की आवश्यकता है। बैस ने आग्रह किया, ''यह आवश्यक था क्योंकि छात्र न केवल किताबों के माध्यम से बल्कि इंटरनेट, सोशल मीडिया और अन्य स्त्रोतों के माध्यम से भी अपना ज्ञान प्राप्त करते हैं जो उनके आईक्यू स्तर को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, और इसलिए शिक्षकों को भी शैक्षणिक मामलों में अद्यतन रहना चाहिए।'' उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ''कम शैक्षणिक होमवर्क'' और ''खेल और रचनात्मक गतिविधियों पर जोर'' के साथ शिक्षा को और अधिक मनोरंजक बनाने का आह्वान किया।

# कल्याण के पास वेदार्ली में पेंच... धूल नियंत्रण उपकरण का उपयोग करके अवैध निर्माण

**कल्याण :** कल्याण पूर्व कल्याण के मलंग गाड रोड पर वदारली गांव में नगरपालिका की अनुमति के बिना बनाई गई एक अवैध चार मंजिला इमारत को शुक्रवार को जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। इमारत के विध्वंस के दौरान धूल उत्पन्न होने से रोकने के लिए धूल दमन उपकरण का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया था। कल्याण पूर्व की आई वार्ड सीमा के भीतर पिछले छह महीनों में यह पांचवीं इमारत है जिसे ढहा दिया गया है। वदारली में, मेसर्स कृष्णा कंस्ट्रक्शन



के एक भागीदार पंडित तुकाराम पाटिल और अन्य भागीदारों ने कल्याण डोंबिवली नगर पालिका से बिल्डिंग परमिट प्राप्त किए बिना एक अवैध इमारत खड़ी की थी, जिसकी शिकायतें डिवीजन कके सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर के पास आई थीं। यह इमारत एक खड़ी पहाड़ी पर अनिश्चित रूप से बनाई गई थी। सीवेज निस्तारण की कोई सुविधा नहीं थी। जब यह बताया गया कि भवन के पास नगर पालिका की अनुमति नहीं है, तो आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़, उपायुक्त प्रसाद बोरकर के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त मुंबरकर ने शुक्रवार को दो घंटे की कार्रवाई में जेसीबी की मदद से पंडित पाटिल की अवैध इमारत को ध्वस्त कर दिया। इस इमारत के बगल में टैनिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हरी चाय का एक खेत था।

# दिसंबर में भी चावल की खरीदारी नहीं, किसान आर्थिक संकट में...



**पालघर:** पालघर जिले के अधिकांश किसान खरीप सीजन के दौरान एकमात्र फसल के रूप में धान उगाते हैं। यहां के 80 फीसदी किसान साल भर धान की फसल से प्राप्त उपज से अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन धान की फसल तैयार होने के दो माह बाद भी आदिवासी विकास निगम की ओर से चावल नहीं खरीदे जाने से किसान आर्थिक संकट में हैं. पालघर जिले के विभिन्न तालुकाओं में 31 धान खरीद केंद्रों के माध्यम से आदिवासी विकास निगम से धान की खरीद की जाती है। खास बात यह है कि हर साल चावल की खरीद दिवाली के बाद या दिवाली से पहले शुरू हो जाती है, लेकिन दिवाली के एक माह बीत जाने के बावजूद अभी तक जिले के किसी भी केंद्र पर चावल की खरीद शुरू नहीं हो सकी है.

धान खरीद के लिए पिछले एक माह से किसानों का पंजीयन चल रहा है. इस पंजीकरण के दौरान लगाए गए नए जटिल नियमों से किसान हैरान हैं। अधिकांश किसान बुजुर्ग हैं, जबकि कुछ किसान अधिक उम्र के कारण घर से बाहर नहीं जा सकते। इन किसानों को अपनी फोटो, अंगूठे का निशान देने के लिए खरीद केंद्र पर उपस्थित होने के लिए भी मजबूर किया जा रहा है। जिन किसानों ने फसल निरीक्षण का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनका सातवीं बार रिजेक्ट किया जा रहा है। साथ ही कंप्यूटर पर ऑनलाइन ली गई सातबारा और 8ए ट्रांस्क्रिप्ट की तारीख 2023 और 24 का उल्लेख करना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी के कारण सभी किसानों के लिए यह दस्तावेज कंप्यूटर पर प्राप्त करना असंभव हो गया है। यहां के कुछ किसानों ने कहा कि स्थानीय तलाथी के हस्ताक्षर और मोहर वाली पांडुलिपि सात या बारह पंजीकरण के समय दी गई तो उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। वाडा तालुका के मौजे निंबावली के किसान कृष्णा भोईर ने कहा कि चावल की खरीद, जो एक महीने से विलंबित है, तुरंत शुरू की जानी चाहिए और यहां वित्तीय संकट में फंसे किसानों को राहत दी जानी चाहिए,



# 1 लाइक और खाते से 12.42 लाख रुपये गायब!
## सरकारी अस्पताल के डॉक्टर से ऑनलाइन ठगी

**जलगांव,** महाराष्ट्र के जलगांव जिले से ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां जिला सरकारी मेडिकल अस्पताल के डॉक्टर के साथ ठगी की गयी है। आरोप है कि ठगों ने डॉक्टर को फोटो लाइक टास्क और पैसे निवेश करने का लालच देकर लाखों रुपये का चूना लगाया। मिली जानकारी के मुताबिक, ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार डॉक्टर प्रणव सामृतवार से 12 लाख 42 हजार की ठगी हुई। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यवतमाल जिले के उमरसरा के मूल निवासी डॉ. प्रणव परशुराम सामृतवार




जलगांव जिला सामान्य अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में कार्यरत हैं। प्रणव अस्पताल परिसर स्थित सरकारी आवास में ही रहते हैं। पिछले महीने उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक मिला। जब उन्होंने उस लिंक को खोला तो उन्हें एक टास्क दिया गया। साथ ही उन्हें पैसे देने का वादा किया गया। इसके बाद ऑनलाइन सक्रिय साइबर अपराधियों ने डॉ. प्रणव से लगातार संपर्क बनाये रखा और उन्हें 'लिंक' भेजकर फोटो को 'लाइक' करने का टास्क दिया साथ ही उनसे निवेश भी करवाया। ठगों ने कथित तौर पर शुरू में पैसे भी दिए और उनका विश्वास हासिल कर लिया। पैसा लगाने के बाद प्रणव को शुरूआत में 9 हजार 150 रुपये भी मिले। पहली बार टास्क को पूरा करने के बाद प्रणव को पैसे भेजे गए। इसके बाद डॉक्टर ने ठगों के बताए अनुसार पैसा लगाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे डॉक्टर ने 12 लाख 42 हजार का निवेश किया। लेकिन निवेश पर कोई रिटर्न नहीं मिलता। इसके विपरीत शिकायतकर्ता प्रणव से और अधिक पैसे मांगे गए। फिर ठगी का एहसास होने पर डॉक्टर ने साइबर पुलिस में मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच चल रही है।

# आत्महत्या मामले में टॉप पर महाराष्ट्र
## सबसे ज्यादा किसानों और छात्रों ने दी जान

**मुंबई,** NCRB के आंकड़ों ने एकबार फिर से महाराष्ट्र के लोगों की नींद उड़ा दी है. ठउफइ ने आत्महत्या से जुड़े साल 2022 के आंकड़ें जारी कर दिए हैं. इस आंकड़ों में आत्महत्या के मामले ने चौंका दिया है. 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से सबसे ज्यादा मौत महाराष्ट्र में हुई है जिसके आंकड़े 13.3% है. इसके बाद तमिलनाडु जहां के आंकड़े 11.6% और मध्य प्रदेश के आंकड़े 9% है. जहां आत्महत्या दर पिछले वर्ष के 12% से बढ़कर 2022 में 12.4% हो गई है. महाराष्ट्र में किसानों (कृषि क्षेत्र में 6,083 आत्महत्याओं में से लगभग 40%) और छात्रों (13,044 ऐसी



आत्महत्याओं में से 13.5%) के बीच आत्महत्या से होने वाली मौतों की अधिकतम संख्या दर्ज की गई है.

**मुंबई का हाल**

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, शहरी भारतीयों में आत्महत्या से मरने की संभावना अधिक है. जबकि मुंबई में 4.5% की वृद्धि दर्ज की गई .2021 में आत्महत्याओं के ये आंकड़ें 1,436 थे जो साल 2022 में बढ़कर 1,501 तक पहुंच चुका है.

**सड़क हादसे में कहां हुई सबसे अधिक मौतें**

दिल्ली में 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 2,103 लोगों की मौत हुई, जो देशभर में सबसे अधिक हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई. 'भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्याएं 2022' रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में देश में सबसे अधिक 5,387 सड़क दुर्घटनाएं हुईं. दिल्ली समेत 53 बड़े शहरों में सड़क दुर्घटनाओं में हुईं अधिकतर (51.5 प्रतिशत) मौतें तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण हुईं.

# दिल दहला देने वाली घटना
## पत्नी की हत्या कर शव को ड्रम में बंदकर जंगल में फेंका, जानें वजह



महाराष्ट्र में 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने धन संबंधी झगड़े के बाद अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को ड्रम में बंद कर ठाणे जिले के एक जंगल में फेंक दिया. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को हुई और 32 वर्षीय महिला के परिवार की शिकायत के बाद आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया. कल्याण ग्रामीण पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि टिटवाला इलाके में रहने वाले दंपति की शादी 12 साल पहले हुई थी और आरोपी अपनी पत्नी को अक्सर परेशान करता था. उन्होंने बताया कि आरोपी अपने सास-ससुर से पैसे की मांग करता था.

**पैसे को लेकर हुआ था विवाद**

अधिकारी ने बताया कि महिला के परिवार ने पहले भी आरोपी को 80,000 रुपये दिए थे. उन्होंने बताया कि आरोपी को ऑटो-रिक्शा खरीदने के लिए दो लाख रुपये की जरूरत थी, जो महिला के माता-पिता नहीं दे सके. उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच पैसों व अन्य मुद्दों को लेकर अक्सर झगड़ा होता था.

अधिकारी ने बताया कि रविवार को व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की छड़ से कथित तौर पर हमला किया और फिर रस्सी से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी ने महिला के शव को एक बड़े ड्रम में बंद किया और फिर एक ऑटो-रिक्शा में ले जाकर उसे अंबरनाथ के पास एक जंगल में फेंक दिया.

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अधिकारी ने बताया कि अपनी बेटी से संपर्क नहीं हो पाने पर पीड़िता की मां ने आरोपी पति को फोन किया. उन्होंने बताया कि आरोपी ने अपनी सास को बताया कि उसने उसकी बेटी की हत्या कर दी है और शव को जंगल में फेंक दिया है तथा वह पहले से ही एक पुलिस थाने में है. सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया.

# दहिसर इलाके में फटी पाइपलाइन, जलभराव से लगा जाम

**मुंबई:** शहर के दहिसर इलाके में वॉटर लॉगिंग देखने को मिली। बताया जा रहा है कि बीएमसी की पाइपलाइन फट गई थी, जिस वजह से भारी मात्रा में सड़क पर पानी लग गया। वहीं जलभराव होने की वजह से रास्ता जाम हो गया है। पूरा मामला दहिसर के पूर्व टोल प्लाजा के पहली सबवे लाइन के सामने का है, जहां पश्चिमी एक्सप्रेसवे से नगर निगम की बड़ी पानी की पाइपलाइन अचानक से तेजी से लीक होने लगी। आज सुबह मेट्रो की खुदाई करते समय पानी की पाइपलाइन फट गई। वहीं पाइपलाइन फटने से लाखों लीटर पानी बह गया। पुल के नीचे लगातार पानी बह रहा है। वहीं पानी बहने की वजह से भारी जलजमाव हो गया है, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा है।



**दिल्ली में पाइपलाइन फटने से तीन की मौत**

बता दें कि पाइपलाइन फटने का यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में सुरक्षित शहर परियोजना के तहत खुदाई के दौरान पाइपलाइन फट गई थी। इस दौरान यहां काम कर रहे तीन श्रमिक झुलस गए थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया था कि सुरक्षित शहर परियोजना से संबंधित एक ठेकेदार के श्रमिकों ने खुदाई करते समय इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की एक पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में वेल्डिंग करने वाले तीन श्रमिक झुलस गए और पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचा। श्रमिकों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**असम में भी एक की मौत**

वहीं गुवाहाटी में पानी की पाइपलाइन फटने की एक अन्य घटना की जांच के लिए असम सरकार ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। पाइपलाइन फटने की इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोग घायल हो गए थे।

# इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के नाम पर महिला से धोखाधड़ी, महिला ने 5 दिन में गंवाए 16 लाख रुपये

**वसई** - कोरोना काल में शुरू हुई वर्क-फ्रॉम-होम पद्धति साइबर थैक्सेन्स के लिए बड़ी सफलता बन गई है। वर्क फ्रॉम होम जैसे घोटालों में बढ़ोतरी हुई है. विरार में रहरनाया ने एक महिला से 16 लाख की ठगी की है. इस मामले में 46 साल की महिला विरार वेस्ट में रहती है. 18 नवंबर को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा. यह घर से काम करके महीने में हजारों रुपये कमाने का विज्ञापन था। लेकिन फि राडी महिला को यह समझ नहीं आया कि विज्ञापन फर्जी था। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद, 4 अलग-अलग इंस्टाग्राम आईडी ने संदेशों के माध्यम से उससे संपर्क किया। इसमें



कहा गया था कि टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के बाद आपको ढेर सारे पैसे मिलेंगे। फि आर्डी महिलाएँ इन भूलों का शिकार हो गईं। आरोपी के मुताबिक, उसने टास्क पूरा किया और इसके लिए कई तरह की फीस भी चुकाई। 18 नवंबर से 22 नवंबर तक पांच दिनों में महिला ने साइबर थाकसेन को 15 लाख 96 हजार रुपये तक भेज दिए। लेकिन उसे कोई रिफंड नहीं मिला. इसके विपरीत, उसे भुगतान किए गए लगभग 16 लाख रुपये में से एक भी रुपया नहीं मिला। इसके बाद सभी आईडी बंद कर दी गईं। यह महसूस करने के बाद कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, महिला ने सोमवार को अनला सागरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस महिला की शिकायत पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है.

# सर्विस सेंटर पर ट्रैक्टर का टायर फटने से एक की मौत



**महाड:** ट्रैक्टर में पानी भरते समय ट्रैक्टर का टायर फटने से गंभीर रूप से घायल हुए एक मजदूर की मौत की घटना सोमवार (4 तारीख) को महाड शहर के पास सुंदरवाड़ी में हुई. मृतक कर्मचारी की पहचान जावेद अब्दुल समद थांजे (उम्र 39) के रूप में की गई है और वह महाड शहर के पास साहिलनगर मोहल्ले का निवासी था। जावेद थांजे मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सुंदरवाड़ी में समृद्धि सर्विसिंग सेंटर में काम करते थे। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे एक ट्रैक्टर के टायर में प्रेशर पाइप से पानी भरा जा रहा था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com